मुझको बिन मांगे बाबा ने सबकुछ दिया | By Sunny Hari

मुझको बिन मांगे बाबा ने इतना दिया
अब किसी चीज़ की तो ज़रूरत नहीं
तेरी किरपा की जिसपे नज़र हो गयी
उसको अब इस जहाँ की ज़रूरत नहीं

तेरी पूजा करू तेरा वर्णन करू
जानो तन अपने बाबा पे अर्पण करू
कर दो करदो मेरे बाबा इतना करम
मेरे दिल में कोई और चाहत नहीं
मुझको बिन मांगे.....

कोई दुनिया में तुमसा तो दानी नहीं
मेरे बाबा तुम्हारा तो सानी नहीं
लब के खुलने से पहले झोली ये भर गई
इससे बढ़ कर के कोई भी करामत नहीं
मुझको बिन मांगे.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%ac/